Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 19-12-2006

Participants : Yadav Shri Kailash Nath Singh

>

Title: Need to increase train services between Varanasi and Mugalsarai.

श्री कैलाश नाथ सिंह यादव : महोदय, राजघाट पुल रेलवे प्रशासन के निर्देशों पर दिनांक 13.12.2006 रात 12 बजे से बंद कर दिया गया है। बनारस से मुगलसराय तथा मुगलसराय से वाराणसी आने वाले सभी यात्री संकट में हैं। बनारस आने के लिए प्रशासन की तरफ से निगम की दो छोटी-छोटी नाव लगा दी गई हैं, जिस पर एक साथ 60-70 आदमी सवार हो रहे हैं, जबकि क्षमता 30 से 35 व्यक्तियों की है। यह नाव किसी भी समय दुर्घटनाग्रस्त हो सकती है, क्योंकि नाव की क्षमता से ज्यादा यात्री नाव पर सवार हो रहे हैं। जिस कारण मुगलसराय से बनारस तथा रोहतास, सहसाराम, भभुआ (बिहार के जिले) और चंदौली आने वाले व्यापारियों, यात्रियों एवं रोगियों को भयंकर कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर रोजाना लाखों लोगों का आवागमन है।

अतः आपसे आग्रह है कि यात्रियों के दबाव को देखते हुए मुगलसराय से बनारस तथा बनारस से मुगलसराय जाने वाली सभी ट्रेनों को आम जनता की कठिनाइयों को देखते हुए जब तक पुल की मरम्मत का काम चल रहा है, सभी ट्रेनों को काशी स्टेशन पर रोकने का और लोकल ट्रेन चलाने का अविलम्ब इंतजाम किया जाए और लोकल यात्रियों को भी स्टेशन पर टिकट दिया जाए। यात्रियों की सुविधा हेतु दो लोकल ट्रेन अविलम्ब बनारस से मुगलसराय तथा मुगलसराय से बनारस चलाई जाएं, जिससे सात लाख जनता की आवागमन की कठिनाइयों को दूर किया जा सके।